तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

11 नगर पालिका उप चुनाव के लिए 100 कर्मचारियों...

12 जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 390 आवेदन...




## खबर संक्षेप

### स्कूल में चोरी, सीसी कैमरा माइक और प्रोजेक्टर ले गए चोर



**गुरूर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फागुन्दाह में चोरों ने के सामान की चोरी कर ली। इसके बाद प्राचार्य ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखायी है। प्राचार्य लवन सिंह रावटे ने पुलिस को बताया 21 मई के रात्रि करीबन 10 बजे से 22 मई के रात्रि 4 बजे के मध्य चोरों ने कम्प्यूटर कक्ष के रखे तो सीसी कैमरा व माईक का वायर काटकर कम्प्यूटर कक्षों में तीन कमरे में लगे प्रोजेक्टर व कम्प्यूटर कक्ष का दो इन्वांटर बैट्री व बरामदा में लगे माइक का यूनिट 1 नग व गोदरेज में रखे भौतिकी प्रयोगशाला सामग्री की चोरी कर ली। अज्ञात चोर ने मेन गेट का ताला खोलकर अन्दर प्रवेश कर कमरों का ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश किया और 3 नग प्रोजेक्टर की अनुमानित किमत 1 लाख 20 हजार, 2 नग बैट्री 10 हजार, मौतिकी प्रायोगिक सामग्री 20 हजार चोरी कर ले गया है।

### सबसे दूर सबसे पहले थीम पर जनभागीदारी अभियान

**बालोद।** जिले के विभिन्न गांवों में जनभागीदारी अभियान 'सबसे दूर सबसे पहले' थीम पर जमीनी संपर्क कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इस विशेष अभियान के तहत बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 16 ग्राम, डौण्डी विकासखण्ड के 05, बालोद विकासखण्ड के 02, गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के 01–01 गामों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही इस अभियान में ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बड़ी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रहे हैं। मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निराकरण भी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आज ग्राम मुड़गहन, देवारभाट, मटिया बी, धुरवाटोला, कुसुमकसा, चिखली, चिहरो, भैंसबोड़, मड़ियाकट्टा, करतुटोला बंजारी आदि गांवों में विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गांवों में 'ट्रांजेक्ट वॉक' और साइकिल रैली के माध्यम से जन–जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही, पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने का संदेश देने के लिए वृहद स्तर पर वृक्षारोपण भी किया जा रहा है।

# चार साल में नहीं बनी टंकी, अब अधूरा काम छोड़ भागा ठेकेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम भाठागांव आर में जल संकट ऐसा गहराया है कि ग्रामीणों को रोज पानी नहीं मिल रहा है। पंचायत ने वार्ड वार एक दिन के अंतराल में पानी देकर स्थिति संभालने का प्रयास किया। इधर विभाग ने ठेकेदार का ठेका निरस्त कर ग्रामीणों को भगवान भरोसे छोड़ दिया। ठेकेदार के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही करना जरूरी नहीं समझा।

2000 की आबादी वाले ग्राम भाठागांव में एक करोड़ से अधिक की राशि हर घर के लिए स्वीकृत होने की जानकारी पंचायत द्वारा दी गई। ठेकेदार ने यहां मात्र टंकी बनाया और अधुरा पाइप लाइन बिछाकर रफूचक्कर हो गया। न टंकी बनी, ना पाईप बिछा, नतीजा ग्रामीण बूंद बूंद पानी को तरसने लगे हैं। ग्राम में टंकी बन जाने पर 5 एचपी के मोटर से टंकी के माध्यम से पानी हर घर में पहुंच सकता था। वहीं विभाग की भ्रष्ट व गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली से 5 एचपी के कुल 5 मोटर पंप अर्थात कुल 25 एचपी के 5 बोर के माध्यम से ग्रामीणों को पंचायत पानी दे रही है।

उसमें भी पानी रोज नहीं मिल पा रहा है, एक दिन के अंतराल में पानी मिल रहा है। पंचायत को भी 5 एचपी के स्थान पर 25 एचपी के मोटर चलने से भारी भरकम बिजली बिल व मरम्मत के लिए राशि खर्च करना पड़ रहा है।

## 25 एचपी का बोझ उठा रही पंचायत, ग्रामीण बूंद-बूंद को तरसे



### 3 किलोमीटर दूर से लाना था पानी

ग्राम में पानी का सोर्स नहीं है। 3 किलोमीटर दूर बोरवाय बांध से पानी संबवेल के माध्यम से लाना था, पंचायत ने उसके लिए प्राप्त डिमांग पत्र ठेकेदार व पीएचई को दिया, लेकिन राशि जमा ही नहीं की। सरपंच रूपेश्वर कुमार यादव ने कहा कई बार पंचायत ने शिकायत की, सरपंच संघ के माध्यम से आवेदन दिया। मात्र आश्वासन मिला। टंकी चार साल से अधुरी है। सम्बवेल नहीं बना। ग्रामों में पाइप लाइन अधूरी है। एक दिन के अंतराल में वार्ड वार पानी दे रहे हैं। टंकी में बनी सीढ़ी हिलती है, टंकी के अंदर लगे प्लाई को भी ठेकेदार ने नहीं निकाला है। एसडीओ पीएचई विशाल नेताम ने कहा ठेकेदार का टेण्डर निरस्त कर दिया गया है।

## सीढ़ी लगाना ही भूल गया ठेकेदार, अफसरों के बयानों में विरोधाभास

# डोंगीतराई में 55 लाख की पानी टंकी बनी शोपीस







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

प्रधानमंत्री का हर घर शुद्ध जल का सपना गुण्डरदेही विकासखण्ड में धरातल पर आने के पहले ही दम तोड़ चुका है। जवाबदेही तय नही की जा रही है और ना ही भ्रष्ट तंत्र में सुधार कर हर घर पानी पहुंचाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

- महिलाओं का अधिकांश समय पानी की व्यवस्था में ही निकल जाता है

विकासखण्ड में आज भी दर्जनों ग्राम हैण्डपंपों व कुंओं के भरोसे है। ग्राम पंचायत डोंगीतराई की 800 की आबादी हैण्डपंप के भरोसे है। ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत 2021 में 55.94 लाख रूपये स्वीकृत हुए थे। इसमें ग्राम में 40 किली क्षमता का उच्च स्तरीय टंकी निर्माण के साथ 3420 मीटर पाईप लाईन बिछाना था। निर्माण एंजेसी बिलासपुर के आयुष अग्रवाल है। बीते 5 सालों में टंकी का ढांचा खड़ा हुआ है। ठेकेदार टंकी के उपर जाने वाली सीढ़ी लगाना ही भूल गया। ग्रामीणो के अनुसार टंकी की रेलिंग हिलती है। टंकी के साथ क्लोरीनेटर नही लगाया गया है, इसके लिए कक्ष जरूर बना दिया गया है। टंकी के नीव के पास ठीक से भराई नही की गई है। पक्का फ्लोरिंग भी नही किया गया है। जिससे टंकी के पिलर के कमजोर होने की आशंका ग्रीमण कर रहे है।

ग्राम में टंकी की कितनी आवश्यकता है। यह इसी से समझी जा सकती है, जब यह यह प्रतिनिधि टंकी का निरीक्षण कर रहा था तभी 50 से अधिक ग्रामीण महिला, पुरूष आए एवं टंकी को जल्दी चालू करने की बात कहने लगे। उन्होंने अपनी पीड़ा बताई। ग्रामीणों ने बताया ग्राम भीषण जल संकट से जूझ रहा है। यहां स्थित 10 हैण्डपंप में मात्र 6 चालू है, उसमें भी रूक रूक कर पानी निकलता है घर की महिलाओं का अधिकांश समय पानी की व्यवस्था ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सीढ़ी नहीं लगी है, तो लगवा देंगे

एसडीओ पीएचई विशाल नेताम ने कहा सीढ़ी नहीं लगी है, तो लगवा देंगे। जाकर देखना पड़ेगा की स्थिति क्या है, टंकी अभी हैण्डओवर नहीं हुआ है। उपअभियंता प्रियंका ध्रुवा ने कहा टंकी हैण्डओवर कर दी गई है। बोर खनन किया जा चुका है।

## 1200 की आबादी आज भी कुएं के भरोसे

**बालोद/गुण्डरदेही।** विकासखण्ड में जल जीवन मिशन ग्रामीणों के जीवन को सुकुन देने के स्थान पर नासूल बन गया है। टंकी अधूरी है, पादप लाइन अधूरा है। घरों में पानी नहीं आ रहा है, लेकिन ग्रामीणों को आवेदन देने में पसीना आ रहा है। पर कोई सुनने को तैयार नहीं है। विधायक, सांसद से शिकायत की, जनदर्शन में आवेदन लगाया। कई बार समाचारों की सुर्खीया बना, लेकिन समस्या जस की तस। ग्रामीण आज भी खुले कुंआ से पानी पी रहे हैं। यह दर्द भरी कहानी है ग्राम भेण्ड्रा की। यहां चार साल पूर्व लाखों रुपए जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत हुए, ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हो गया कि सालों की पानी की समस्या खत्म होगी। लेकिन यह खुशी चंद महीनों में कष्ट में बदल गई। पानी तो नहीं मिला, उखड़ी गलियों एवं मुंह चिढ़ाता जर्जर पानी टंकी जरूर मिल गया। ग्रामीणों व पंचायत ने जनदर्शन में शिकायत की। समाचार पत्रों के माध्यम से अपनी आवाज उठाई, विधायक, सांसद को बताया, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। 1200 की आबादी वाला ग्राम भेण्ड्रा आज भी 3 कुंआ व 7 हैण्डपंप के सहारे हैं। उसमें भी बहुत कम पानी निकलता है। ग्रामीणों ने बताया टंकी निर्माण स्थल पर कभी सूचना बोर्ड नहीं देखे है। टंकी में सीपेज है। पानी इतना अधिक निकलता है कि ऐसा लगता है कि टंकी में दरार होगी। निजी बोर से एक बार टेस्टिंग किए थे, लेकिन सीपेज देखकर फिर कभी पानी नहीं भरे। उसके बाद न ठेकेदार आया, ना विभाग ने देखा। टंकी के पास क्लोरीनेटर के लिए कक्ष जरूर बनाया है, लेकिन वह भी अधूरा है। टंकी के पिलर के चारों ओर गड्ढे हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर



- करोड़ों की टंकी से बह रहा पानी, उपअभियंता बोलीं- प्रोजेक्ट चालू है

## 95 लाख की पानी टंकी में 3 साल से लगी है सेंट्रिंग



**बालोद/गुण्डरदेही।** जल जीवन मिशन की टंकी गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम हरणसिंघी के लिए नासूर बना हुआ है। यहां विभाग व ठेकेदार की लारवाही ऐसी कि वे तीन साल बाद भी टंकी की सैट्रिंग निकालने नहीं पहुंचे। आज भी टंकी में सेट्रिंग लगा हुआ है। विभाग कहता है कार्य पूरा हो गया है।

- ठेकेदार फरार, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

लगभग 1000 की आबादी वाले ग्राम हरणसिंघी में हर घर जल तो नहीं पहुंचा, लेकिन आज ग्रामीणों को पानी के लिए ढेड़ से दो किलोमीटर दूरी तय कर दूसरे मोहल्ले में जाना पड़ रहा है। दो ट्यूबवेल हैण्डपंप एवं कुंआ यहां पेयजल का माध्यम है। सरकार ने यहां हर घर जल के लिए 95.05 लाख स्वीकृत किए थे। कार्य निर्माण एजेंसी मेसर्स कादम्बरी कांस्ट्रक्शन है। ठेकेदार कार्य अधूरा छोड़कर ऐसा भागा की बीते दो सालों से लौटकर नहीं आया। निर्माण स्थल पर खड़ी टंकी से सेट्रींग प्लेट व बल्लियां अब तक निकाली नहीं गई है। जो कभी भी गिरकर गंभीर हादसा का कारण बन सकता है। क्लोरीनेटर कक्ष भी अधूरा पड़ा है। टंकी के नींव के आस पास गड्ढे हैं, जो नींव को कमजोर कर सकते हैं। टंकी में पानी आपूर्ति के लिए पाइप तक नहीं डाला गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में पूरी पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है। ग्राम में पेयजल की समस्या को देखते हुए ग्राम राहुद में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कुछ ग्रामीण टंकी जल्दी पूरी कराने की मांग लेकर पीएचई विभाग के स्टाल तक पहुंचे थे, लेकिन इस प्रतिनिधि के सामने ही विभाग के लोगों ने आवेदन भी नहीं लिया एवं जल्द कार्य पूरा होने का आश्वासन देकर वापस भेजने का प्रयास किया।

इस दौरान एक बुजुर्ग विभाग पर बिफर गया और बोला बार बार यही कह रहे हैं। सालों से ▶▶| शेष पेज 10 पर

# हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



सार्वजनिक मार्ग पर धारदार हथियार लहराकर राहगीरों में दहशत फैलाने वाले एक आदतन बदमाश को अंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक धारदार हथियार बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 22 मई को थाना अंडा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम अंडा से ग्राम अछोटी जाने वाले सार्वजनिक मार्ग पर एक युवक हथियार लहराकर लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जागेश्वर साहू उर्फ जग्गू 29 वर्ष निवासी अंडा थाना अंडा जिला दुर्ग बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक धारदार हथियार जप्त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी थाना अंडा का आदतन गुंडा बदमाश है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 25 एवं 27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की। घटना ग्राम अंडा से ग्राम अछोटी जाने वाले सार्वजनिक मार्ग की बताई जा रही है, जहां आरोपी लोगों में भय और आतंक का माहौल बनाने का प्रयास कर रहा था। दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या कानून व्यवस्था भंग होने की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ समय पर सख्त कार्रवाई की जा सके।

# अघोषित बिजली कटौती की भेंट चढ़ी करेले की फसल, किसानों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



शासन द्वारा कृषि कार्य को सुदृढ़ करने और किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई अटल ज्योति योजना अब वनांचल के सब्जी उत्पादक किसानों के लिए मुसीबत का सबब बनती जा रही है। योजना के तहत की जा रही अघोषित बिजली कटौती और तकनीकी खराबी में सुधार न होने के कारण कुसुमकसा और आसपास के क्षेत्रों में सब्जी की फसलें सूखने लगी हैं। इसी कड़ी में क्षेत्र के एक पीड़ित किसान की मेहनत और हजारों रुपये की लागत से तैयार करेले की पूरी फसल पानी के अभाव में बर्बाद हो गई है, जिससे विद्युत विभाग के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है।

- अटल ज्योति योजना के लाभ से वंचित हो रहे किसान

कुसुमकसा क्षेत्र के पीड़ित कृषक खम्मन लाल भुआर्य ने बताया कि उनका पूरा परिवार कृषि भूमि में सब्जी उगाने का कार्य करता है। इस सीजन में उन्होंने भारी मेहनत से करेले के लगभग 13,000 बीजों से पौधे तैयार किए थे। कतारबद्ध रोपण (लाइन प्लांटेशन) करने, खाद डालने और प्लास्टिक थैली से मल्चिंग करने के बाद फसल अच्छी तैयार हो रही थी। लेकिन इसी बीच अटल ज्योति योजना की कृषि लाइन में अघोषित विद्युत कटौती शुरू हो गई। इसके साथ ही लाइन में आई तकनीकी खराबी को भी विभाग द्वारा समय पर नहीं सुधारा गया। नतीजतन, ऐन वक्त पर करेले की फसल को पानी नहीं मिल पाया और पूरी की पूरी फसल सूखकर खराब हो गई। पीड़ित किसान को इस उदासीनता के कारण हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान और मानसिक कश्ट झेलना पड़ रहा है।

**कई गांवों के किसान परेशान**

यह समस्या केवल एक किसान की नहीं है। ग्राम खलारी, अडजाल, पल्लेकासा, धोबनी, कुसुमकसा, भर्रीटोला और झिंकाटोला सहित समीपस्थ गांवों के दर्जनों सब्जी उत्पादक किसान इस अघोषित विद्युत आपूर्ति से त्रस्त हैं। किसानों का कहना ▶▶| शेष पेज 10 पर

## कलेक्टर ने जारी किया आदेश, किसानों को बड़ी राहत

# हार्वेस्टर से धान कटाई के लिए पेट्रोल पंपों के रिजर्व स्टॉक से मिलेगा डीजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में रबी सीजन के धान की कटाई हेतु किसानों को हार्वेस्टर के संचालन में आ रही दिक्कत को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। इसके तहत जिले के पेट्रोल पंपों में सुरक्षित रखे गए 4000 लीटर रिजर्व डीजल स्टॉक से अब सीधे उन किसानों को डीजल दिया जाएगा, जो हार्वेस्टर मशीनों के जरिए धान की कटाई कर रहे हैं।

जारी आदेश के अनुसार रबी सीजन के धान की कटाई लगभग 5 से 10 जून तक पूर्ण की जाती है। वर्तमान में किसानों के द्वारा धान की कटाई हेतु डीजल नहीं मिलने की जानकारी दी जा रही है। जिले में सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पेट्रोल 2000 लीटर एवं डीजल 4000 लीटर आवश्यक कार्य हेतु रिजर्व स्टॉक रखे जाने हेतु आदेश जारी किया गया है। विगत एक सप्ताह से पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं होने के कारण पम्प मे ड्राई की स्थिति निर्मित हो रही है। जिससे किसानो को धान की कटाई हेतु डीजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

जिले में धान कटाई के लिए कुल 656 हार्वेस्टर मशीनें' उपलब्ध हैं। कलेक्टर मिश्रा ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि इन हार्वेस्टर किसानों को प्राथमिकता के आधार पर रिजर्व स्टॉक से डीजल उपलब्ध कराया जाए ताकि कटाई का काम समय पर पूरा हो सके। यह विशेष व्यवस्था 10 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी, ताकि रबी सीजन के समापन तक किसानों को ईंधन की कोई कमी न हो। धान कटाई हेतु चैन हार्वेस्टर एवं बड़े हार्वेस्टर का उपयोग किया जाता है ▶▶| शेष पेज 10 पर

## छत्तीसगढ़ में खुला पेट्रोल-डीजल बेचने पर रोक

**बालोद।** राज्य में पेट्रोल एवं डीजल के रिटेल आउटलेट्स उपभोक्ताओं को इसके विक्रय के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किया गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ताओं संरक्षण विभाग के सचिव रीना बाबा साहब कंगाले द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देश के आधार पर राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां तथा समानांतर विपणनकर्ता कंपनी के पेट्रोल एवं डीजल के रिटेल आउटलेट संचालक द्वारा पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति, विक्रय सीधे उपभोक्ता के वाहन की टंकी में किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही रिटेल आउटलेट संचालक द्वारा ड्रम, बोतल, जेरीकेन में पेट्रोल एवं डीजल का विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्देशों का उल्लंघन करने पर मोटर स्पिरिट और उच्च वेग डीजल (प्रदाय तथा वितरण का विनियमन और अनाचार निवारण) आदेश 2005 के खंड 2 के उपखंड (थ) के अंतर्गत 'अप्राधिकृत विक्रय' मान्य किया जाकर संबंधितों के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अंतर्गत नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही रबी सीजन की फसल कटाई तथा आगामी खरीफ सीजन की ▶▶| शेष पेज 10 पर

- ड्रम, बोतल या जरीकन में ईंधन दिया तो दर्ज होगा केस, शासन ने जारी किया सख्त निर्देश



## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने जिले में लगेंगे हाई-स्पीड चार्जिंग स्टेशन, कलेक्टर का निर्देश

**बालोद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले में जीवाश्म ईंधनों की उपयोगिता एवं निर्भरता को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा इस संबंध में जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए जीवाश्म ईंधनों की उपयोगिता एवं निर्भरता को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देश में कहा गया है कि इल्ट्रिरक वाहनों का समुचित उपयोग पर्यावरण के सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए बेहतर विकल्प होगा। कलेक्टर द्वारा जारी किए गए निर्देश में बताया गया कि इल्ट्रिरक वाहनों के लिए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रें के लिए हाई स्पीड चार्जर की स्थापना कोको, फोको मॉडल में किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर ने जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग, सार्वजनिक परिवहन एवं अन्य शासकीय स्थल जहाँ विद्युत ट्रांसफॉर्मर निकट हो ऐसे जगहों का चिन्हांकन कर संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत से एमओयू कर तत्काल कार्य संपादित करने के निर्देश दिए है

### खरीफ सीजन के लिए खाद-उर्वरक भंडारण की तैयारियां युद्ध स्तर पर



**बालोद।** जिले में खरीफ वर्ष 2026 के लिए कृषि विभाग और जिला प्रशासन द्वारा खाद–उर्वरकों के भंडारण और वितरण की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी हैं। कृषि विभाग के उप संचालक आशीष चंद्राकर ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 के लिए सहकारी क्षेत्र में 46,300 मीट्रिक टन निजी क्षेत्र 21,770 मी.टन, कुल 68,070 मीट्रिक टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके विरूद्ध 33,164 मीट्रिक टन (72 प्रतिशत), निजी क्षेत्रें में 6,181 मीट्रिक .टन (28 प्रतिशत) उर्वरकों का भण्डारण किया जा चुका है एवं जिले में 41,469 मीट्रिक टन उर्वरकों की उपलब्धता है। कृषकों द्वारा अब तक 21,614 मीट्रिक टन उर्वरकों का उठाव किया गया है तथा सहकारी क्षेत्र में 15,107 मीट्रिक टन, निजी क्षेत्र में 2,623 मीट्रिक टन, कुल 17,730 मीट्रिक टन उर्वरक विक्रय केन्द्रों में शेष है। गतवर्ष इसी अवधि में सहकारी क्षेत्रें में उर्वरकों का भण्डारण 23,700 मीट्रिक टन था, इस खरीफ वर्ष में 33,164 मीट्रिक टन है, जो गतवर्ष की तुलना में 9,464 मीट्रिक टन अधिक है। जिले के सभी सहकारी समितियों में समस्त प्रकार के उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण है। जिन समितियों में डी.ए.पी. की मांग अधिक है तथा पूर्ति कम है वहां पर वैकल्पिक उर्वरक के रूप में एन.पी.के. एवं एस.एस.पी. का भण्डारण किया गया है तथा वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है। कृषक अपनी आवश्यकतानुरूप उचित उर्वरक समूह का चुनाव कर उर्वरक क्रय कर सकते हैं। जिले में उर्वरक भण्डारण एवं वितरण का कार्य लगातार जारी है।


# ज्ञान की परीक्षा में बच्चों ने दिखाया दमखम, नन्ही पूर्विका बनी समर शिविर की सबसे बड़ा आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

रेलवे संस्थान द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर के चौथे सत्र में शुक्रवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से ऊपर के 53 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी बौद्धिक क्षमता, त्वरित सोच और ज्ञान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों में जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला।

प्रतियोगिता का सबसे भावुक और प्रेरणादायी क्षण तब सामने आया, जब कुछ पालकों ने अपने छोटे बच्चों को भी परीक्षा में शामिल करने की इच्छा जताई। बच्चों की सीखने की ललक, जिज्ञासा और आत्मविश्वास को देखकर आयोजन समिति ने विशेष अनुमति प्रदान की। इसी दौरान सबसे कम उम्र की प्रतिभागी पूर्विका साहू सभी के आकर्षण का केंद्र बन गईं। उनकी मासूम उपस्थिति और उत्साह ने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया। **विद्यार्थियों की बहुआयामी क्षमता को परखा गया :** आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता के लिए तीन अलग-अलग प्रश्न पत्र तैयार किए गए थे, ताकि बच्चों की वास्तविक प्रतिभा और समझ का बेहतर आकलन किया जा सके। कुल 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों वाली इस परीक्षा में प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक निर्धारित किया गया था, जबकि गलत उत्तर पर एक चौथाई अंक की ऋणात्मक अंक व्यवस्था रखी गई थी। प्रश्न पत्र में गणित, सामान्य ज्ञान और राजनीति शास्त्र से जुड़े बीस-बीस प्रश्न शामिल किए गए थे, जिससे विद्यार्थियों की बहुआयामी क्षमता की परख हो सके।

## समर कैंप के चौथे सत्र में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



### बच्चों की प्रतिभा निखार कर दक्ष बनाना उद्देश्य

ग्रीष्मकालीन शिविर के मुख्य प्रशिक्षक एडवर्ड स्टीफन ने बताया कि रेलवे प्रशासन के सहयोग से यह शिविर लगातार चौथे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें हर क्षेत्र में दक्ष बनाना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। शिविर का प्रत्येक दिन बच्चों के व्यक्तित्व विकास, ज्ञानवर्धन और आत्मविश्वास निर्माण के लिए समर्पित है। उनका प्रयास है कि शिविर समाप्त होने के बाद यहां से निकलने वाला हर बच्चा आत्मविश्वास, अनुशासन और नई ऊर्जा से भरपूर होकर आगे बढ़े।



## जागरूकता : चिखलाकसा में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगर पंचायत चिखलाकसा में व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए नगर को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श बनाने का संकल्प लिया गया। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता निभाते हुए स्वच्छता को जनभागीदारी से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।

नगर पंचायत कार्यालय भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता नियमों, कचरा प्रबंधन व्यवस्था तथा नगर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, राहुल तथा नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण के विभिन्न मानकों की जानकारी दी गई। इसमें वार्ड स्वच्छता समिति गठन, घर-घर कचरा संग्रहण, गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण, एमआरएफ केंद्र, आरआरआर केंद्र, कम्पोस्ट इकाई, डिजिटल शिकायत निवारण प्रणाली, सफाई मित्र सुरक्षा तथा नागरिक सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक वार्ड में नियमित स्वच्छता निगरानी की जाएगी तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम में श्रमदान, स्वच्छता जागरूकता रैली, सामुदायिक अभियान, जनसंपर्क गतिविधियां तथा नागरिक सुझावों को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। नगर के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता अभियान से जोड़ने तथा घर-घर जागरूकता पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया।



नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पंचायत की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। घर-घर कचरा पृथक्करण, नियमित सफाई और जनसहभागिता से ही चिखलाकसा स्वच्छता अभियान में बेहतर स्थान प्राप्त कर सकता है। नागरिकों से अपील की गई कि खुले में कचरा फेंकने से बचें और नगर पंचायत द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग करें। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के दिशा-निर्देशों का गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था की सतत निगरानी करते हुए अभियान को प्रभावी बनाया जाए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने चिखलाकसा को स्वच्छ, स्वस्थ, सुंदर और आदर्श नगर बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# डीजल संकट से राजहरा खदान का काम ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- सैकड़ों श्रमिकों के घरों पर छाया रोज़ी–रोटी का संकट

डीजल की भारी कमी के कारण राजहरा यंत्रीकृत खदान में ठेका कंपनी द्वारा संचालित खदान क्षेत्र का कार्य पिछले एक सप्ताह से पूरी तरह बंद पड़ा हुआ है। खदान में मशीनों की आवाज थमने से न केवल उत्पादन व्यवस्था प्रभावित हुई है, बल्कि सैकड़ों ठेका श्रमिकों के सामने रोज़ी-रोटी का गंभीर संकट भी खड़ा हो गया है। लगातार बंद पड़े कार्य को लेकर श्रमिकों में गहरा आक्रोश और चिंता का माहौल व्याप्त है। हालात की गंभीरता को देखते हुए सीटू यूनियन ने खदान प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्य प्रारंभ कराने और बंदी अवधि का वेतन दिलाने की मांग उठाई है।

अन्य खदानों में बहाल हुआ काम, राजहरा अब भी बंद

सीटू यूनियन के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि डीजल संकट के चलते महामाया, दल्ली और झरनदल्ली खदानों में भी कार्य प्रभावित हुआ था, लेकिन वहां बीते दिनों से काम दोबारा शुरू करा दिया गया है। इसके बावजूद केवल राजहरा यंत्रीकृत खदान में अब तक ठेका कार्य चालू नहीं हो पाया है।

उन्होंने कहा कि ठेकेदार और प्रबंधन द्वारा श्रमिकों को स्पष्ट जानकारी नहीं दिए जाने से मजदूरों के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। श्रमिकों को यह चिंता सताने लगी है कि कहीं लंबे समय तक कार्य बंद रहने से उनके रोजगार पर स्थायी संकट न खड़ा हो जाए।

यूनियन पदाधिकारियों ने प्रबंधन के साथ हुई चर्चा में स्पष्ट कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक कार्य बंद कर देना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। मजदूरों को एकाएक काम से अलग कर देना श्रमिक हितों के साथ अन्याय है। यूनियन ने मांग की कि बंदी अवधि का पूरा वेतन सभी प्रभावित श्रमिकों को दिया जाए, ताकि उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ न बढ़े।

### प्रबंधन ने जल्द समाधान का दिया भरोसा

खदान प्रबंधन ने यूनियन को आश्वस्त किया कि डीजल संकट को लेकर ठेकेदारों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित की गई है और शीघ्र ही समाधान निकालने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। प्रबंधन ने कहा कि कामबंदी के दौरान श्रमिकों के वेतन भुगतान के विषय पर कार्मिक विभाग से चर्चा कर नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा। बैठक में मशीनों के रखरखाव और कार्य व्यवस्था में आ रही कमियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। प्रबंधन ने सभी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने की बात कही।

### मुख्य महाप्रबंधक को भी सौंपा गया ज्ञापन

सीटू यूनियन ने खदानों में हुई अचानक कामबंदी और श्रमिकों के वेतन भुगतान की मांग को लेकर मुख्य महाप्रबंधक खदान को भी अलग से ज्ञापन सौंपा है। यूनियन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्य प्रारंभ नहीं हुआ और मजदूरों को राहत नहीं मिली तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन और ठेका कंपनी की होगी।

# स्वच्छता जागरुकता अभियान से गूंजा नया बाज़ार स्काउट्स-गाइड्स ने तोड़ी सामाजिक भ्रांतियां

## महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के तत्वावधान में सेजेस नया बाज़ार दल्लीराजहरा में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। आयोजन के माध्यम से मासिक धर्म से जुड़े संकोच, अंधविश्वास और सामाजिक भ्रांतियों को दूर कर समाज में वैज्ञानिक सोच एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों ने महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व को लेकर जागरूकता संदेश प्रस्तुत किए। बच्चों ने समाज में सम्मान, संवेदनशीलता और जागरूकता का वातावरण बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि मासिक धर्म कोई शर्म का विषय नहीं, बल्कि प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिस पर खुलकर चर्चा होना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यार्थियों में उत्साह और जागरूकता का विशेष माहौल देखने को मिला।

**जागरुकता अभियान चलाने का लिया संकल्पः** विद्यालय परिसर में चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और जागरूकता से जुड़े आकर्षक संदेशों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में बच्चों की रचनात्मकता और सामाजिक समझ की सराहना की गई। कार्यक्रम में यह संकल्प भी लिया गया कि भविष्य में विद्यालयों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को इस विषय के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष रमेश गुज्जर, संकुल समन्वयक राजमल जैन, संस्था प्रभारी प्राचार्य महेश कुमार गोरे सहित विद्यालय परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन अन्नपूर्णा ध्रुव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेंजर्स मुस्कान, रागिनी, पलक साहू तथा स्काउट्स-गाइड्स हेमा, तुषार और कार्तिक राव का विशेष योगदान रहा।

### बीजेपी नेता समेत दो पक्षों में मारपीट थाना परिसर में भी भिड़े दोनों पक्ष

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र में जन्मदिन पार्टी के दौरान बीयर की बोतल टूटने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि देर रात समझौते की बातचीत के दौरान थाना परिसर में भी दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। इस दौरान धक्का-मुक्की और हंगामे की स्थिति बन गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिसकर्मियों के साथ भी झूमाझटकी होने की जानकारी सामने आई है। फिलहाल छावनी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, घटना 20 मई की रात की है। दीपक पासी ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त मनीष देवांगन की जन्मदिन पार्टी में शामिल था।

# डेमू को सातों दिन चलाने और बिलासपुर तक विस्तार, वंदे भारत भी शुरू करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- रेल सुविधाओं को लेकर क्षेत्रवासियों ने भरी हुंकार

लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा में बेहतर रेल सुविधाओं की मांग एक बार फिर हुंकार भरी है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं और जनता की बहुप्रतीक्षित मांगों को प्रमुखता से सामने रखा। ज्ञापन में दल्लीराजहरा से न्यायधानी बिलासपुर तक डेमू ट्रेन विस्तार, बस्तर क्षेत्र को जोड़ने के लिए वंदे भारत का संचालन, नागपुर तक रेल सेवा विस्तार तथा स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी जैसी महत्वपूर्ण मांगें शामिल रहीं।

ज्ञापन में कहा गया कि दल्लीराजहरा क्षेत्र वर्षों से शासन और रेलवे को करोड़ों रुपये का राजस्व देता आ रहा है, लेकिन इसके बावजूद यहां रेल सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। यात्रियों को आज भी सीमित रेल सेवाओं, अपर्याप्त सुविधाओं और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र के व्यापार, शिक्षा, रोजगार और आवागमन को गति देने के लिए रेल सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक बताया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने वर्तमान में सप्ताह में केवल तीन दिन संचालित हो रही डेमू ट्रेन को प्रतिदिन चलाने की मांग उठाई। साथ ही दल्लीराजहरा से न्यायधानी बिलासपुर तक डेमू ट्रेन विस्तार की मांग को भी प्रमुखता से रखा।

ज्ञापन में दल्लीराजहरा से बस्तर क्षेत्र को जोड़ते हुए वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग रखी है। इसके अलावा दुर्ग-नागपुर लोकल ट्रेन को दल्लीराजहरा तक विस्तारित करने, स्टेशन पर विद्युत चालित ट्रेनों की व्यवस्था शुरू करने तथा रेलवे क्षेत्र में वाशिंग लाइन निर्माण की मांग भी रखी गई। मांग पत्र में कहा गया कि इन सुविधाओं से क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास नई गति पकड़ेगा।

**रेलवे स्टेशन में सुविधाओं और कॉलोनियों की समस्याएं भी उठीं:** ज्ञापन में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर गर्मी के मौसम में शीतल जल फव्वारा प्रारंभ करने, आरक्षण काउंटर का समय सुबह 4 बजे से शाम 6 बजे तक करने तथा रेलवे कॉलोनी की जर्जर सड़कों का डामरीकरण कराने की मांग की गई। वार्ड क्रमांक 21 में बैरकों के पास लगे कंटीले तार हटाने और वार्ड क्रमांक 26 दुर्गा मंच के समीप ओवरब्रिज निर्माण की मांग भी प्रमुखता से रखी गई।

ज्ञापन में रेलवे क्षेत्र में पिछले लगभग 40 वर्षों से निवास कर रहे झुग्गी-झोपड़ी बस्तीवासियों को न हटाने की मांग भी उठाई गई। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वर्षों से निवास कर रहे गरीब परिवारों को उजाड़ना मानवीय दृष्टि से उचित नहीं होगा।



### तीन मांगों पर रेलवे प्रशासन ने दी सकारात्मक सहमति

मंडल रेल प्रबंधक के साथ हुई चर्चा के दौरान रेलवे प्रशासन ने तीन प्रमुख मांगों पर सकारात्मक सहमति जताई। सप्ताह में तीन दिन संचालित डेमू ट्रेन को जल्द ही सातों दिन चलाने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 21 स्थित बैरकों के पास से कंटीले तार हटाने तथा वार्ड क्रमांक 27 के रेलवे क्षेत्र में निवासरत परिवारों को नहीं हटाने की बात भी कही गई। अन्य मांगों पर उच्च अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया गया।

### व्यापारी संघ और जनप्रतिनिधियों की रही मौजूदगी

ज्ञापन सौंपने के दौरान मनोज दुबे, भूपेंद्र श्रीवास, अरुणा रामटेके, संजीव सिंह, सुरेश जायसवाल, विशाल मोटवानी, तरुण साहू, निर्मल कुमार सहित राजहरा व्यापारी संघ की ओर से अशोक लोहिया, प्रेम जायसवाल, अमित कुकरेजा, राजकुमार सोनी और राजा डहरवाल उपस्थित रहे। पूरे प्रतिनिधिमंडल ने एक स्वर में दल्लीराजहरा को बेहतर रेल सुविधाएं देने की मांग उठाई।

## डोंगीतराई में 55 ...

में ही निकल जाता है। पाइप लाईन बिछाया गया है, लेकिन वह ग्रामीणों के लिए राहत का नही मुसीबत का कारण बन रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टंकी निर्माण के दौरान उसकी तराई नहीं की गई है। टंकी के टूटने का डर था, इसलिए उसमें पानी नहीं भरकर पीछे पाईप लाइन से मोटर जोड़कर टेस्टिंग कर शासन प्रशासन को धोखा दिया जा रहा है। उप सरपंच व ग्रामीणों ने बताया ठेकेदार ने बोर खनन नहीं किया है।उप सरपंच ईश्वर साहू ने बताया टंकी में कभी पानी नहीं भरा गया। मोटर पंप से पाइप को जोड़कर पाइप लाइन की टेस्टिंग की गई है, उस दौरान कई जगहों से पाइप लिकेज हो रहा था, जिसे बनाया नहीं गया और फिलिंग कर सीमेंटीकरण कर दिया गया जो टूट चुका है।

## 1200 की आबादी...

उसे भी नहीं भरा गया। सरपंच माधुरी केवल चंद साहू ने कहा टंकी में सीपेज है। पाइप लाईन अधुरी है। गली में पाइप बिछाने के समय किए गए गड्ढे को ठेकेदार ने सीमेंटीकरण नहीं किया था। ग्रामीणों की समस्या देखकर पंचायत ने मरम्मत कराया है। हमने नेता, अधिकारी जन दर्शन सभी जगह आवेदन लगाया। पत्रकारों को समस्या बताई, लेकिन विभाग के लोग कभी देखने भी नहीं आए। उप अभियंता प्रियंका ध्रुवे ने कहा टंकी चालू है। पंचायत को हैण्डओवर किया जा चुका है। एसडीओपी पीएचई विशाल नेताम ने कहा भेण्ड्रा में चार बार बोर खनन करा चुके हैं, लेकिन पानी नहीं निकला।

## पेज 9 का शेष

## 95 लाख की...

टंकी ऐसी अधुरी पड़ी है। हमें पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। समस्या का समाधान नहीं हो सकता, तो शिविर लगाकर ढकोसला क्यों करते हैं। एसडीओ पीएचई विशाल नेताम ने कहा छः माह पूर्व ही यहां आया हूं। जाकर देखना पड़ेगा, स्थिति देखकर कार्य जल्द पूरा कराएंगे। ठेकेदार को नोटिस दिया जाएगा।

## अघोषित बिजली कटौती ...

है कि जब से कृषि भूमि में लगे बोर (ट्यूबवेल) का कनेक्शन सामान्य लाइन से काटकर अटल ज्योति योजना के तहत अलग लाइन में जोड़ा गया है, तब से अघोषित बिजली कटौती की समस्या और बढ़ गई है। अंचल के प्रभावित किसानों ने अपनी इस समस्या को लेकर शासन के 'सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर' में भी गुहार लगाई थी, लेकिन शिविर के बाद भी धरातल पर समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया। सब्जी बाड़ी का कार्य करने वाले अन्य कृषक प्रेमलाल भुआर्य, संतराम निषाद, राकेश चंद्राकर, मेहर सिंह कोसमा और प्रवीण धनकर सहित अनेक किसानों ने विद्युत विभाग की इस कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो वे संगठित होकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**6 घंटा बंद रहती है बिजली:** शासन के दिशा-निर्देशानुसार शाम 5 बजे से लेकर रात्रि 11 बजे तक विद्युत लाइन को बंद रखी जाती। इसके अलावा सामान्य दिनों में अटल ज्योति की लाइन तभी बंद की जाती है जब ट्रांसफार्मर या विद्युत लाइन में कोई तकनीकी खराबी (फाल्ट) आ जाता है।
**आकाश सिंह कुर्रे**, प्रभारी, अटल ज्योति योजना

## हार्वेस्टर से धान...

जिसमे क्रमशः प्रति एकड़ धान की कटाई हेतु लगभग 10–12 लीटर एवं 06–08 लीटर डीजल की आवश्यकता होती है। जारी आदेश के अनुसार प्रभार क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के सत्यापन उपरान्त सम्बन्धित किसानों को डीजल प्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासन के इस संवेदनशील फैसले से जिले के हजारों किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## छत्तीसगढ़ में खुला...

तैयारियों के संदर्भ में प्रदेश के कृषकों की डीजल की मांग तथा जिला कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित ऐसे समस्त रेल्वे, सड़क निर्माण, भवन निर्माण संबंधी समय–सीमा में पूर्ण किये जाने वाले शासकीय कार्यों तथा कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित अत्यावश्यक सेवाओं के अंतर्गत (यथा अस्पताल, मोबाईल टॉवर आदि) के लिए निर्धारित प्रावधानों के अनुसार छुट दी गई है। इसके साथ ही कृषकों तथा कलेक्टर द्वारा चिन्हांकित शासकीय कार्यों एवं अत्यावश्यक सेवाओं हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा प्रस्तुत मांग के परीक्षण उपरांत रिटेल आउटलेट संचालक से सुरक्षा मानकों के अनुरूप ग्राहकों के लिए विक्रय की अनुमति देने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

## खबर संक्षेप

### चौरेल में सुशासन तिहार 26 मई को

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरेल में 26 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। चौरेल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम चंदनबिरही, चिचलगोंदी, रौना, कान्दुल, परसतराई, रैहची, कोटगांव, सनौद, डुंडेरा, नवागांव डु, बासीन, पिरीद, कुरदी, चौरेल, कोंगनी, कमरौद, धनगांव, खेरूद, कोड़ेवा और खुटरी (खे) के ग्रामीण शामिल होंगे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरेल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफल संचालन हेतु कृषि उपज मंडी सचिव संजीव वाहिले नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुंडरदेही उमेश रात्रे एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी पितेश्वरी सूर्यवंशी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा

**डौंडीलोहारा।** भारत सरकार के ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत एंथ्रोपोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा नियुक्त सीनियर रिसर्च फेलो डॉ लिपिका नाग ने जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक लेकर जिले में संचालित सर्वे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं जिला सहायक नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर सहित मेश्राम एपी, ब्लॉक नोडल अधिकारी ए.के. साहू एबीईओ, सहायक नोडल अधिकारी भागवत इंदोरिया सीएसी, विजय यादव प्रधान पाठक एवं सर्वे कार्य में लगे कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक से पूर्व डॉ. लिपिका नाग एवं पांडुलिपि सर्वेक्षण टीम ने लाटाबोड़ पहुंचकर यादव जी के पास सुरक्षित प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया। इसके पश्चात टीम ने जिले के सुदूर क्षेत्र सहगांव के समीप स्थित चितवा डोंगरी का भ्रमण भी किया। यहां चट्टानों पर उकेरे गए कई प्राचीन सांकेतिक चित्रों का अवलोकन किया गया, जो ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। बैठक में डॉ. लिपिका नाग ने सर्वेक्षण कार्य के दौरान आने वाली चुनौतियों एवं आवश्यक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित सर्वे एवं दस्तावेजीकरण से पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण कार्य में काफी सहायता मिलेगी तथा जिले की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण को नई दिशा प्राप्त होगी।

## निधन

### नेमसिंह साहू



**बालोद।** ग्राम कोहंगाटोला निवासी नेमसिंह साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे भाजपा के पुर्व जिला अध्यक्ष पवन साहू के पिता थे।

**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला - बालोद (छ.ग.)**
गुलापा बाई पति सुधीर, जाति हल्बा, उम्र 38 वर्ष साकिन-भीमाटोला, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला - बालोद छ.ग. ....... शपथकर्ती
// शपथ पत्र //
मै शपथकर्ती शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं -
1. यह कि, शपथकर्ती का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, शपथकर्ता का वास्तविक नाम गुलापा बाई पति सुधीर है, जिसका उल्लेख मतदाता परिचय पत्र में गुलापा बाई दर्ज है। त्रुटिवश शपथकर्ता के आधार कार्ड में नाम गुलापा बाई पति सुधीर के स्थान पर गुलपा बाई दर्ज हो गया है अतएव आधार कार्ड में गुलपा बाई के स्थान पर गुलापा बाई दर्ज कर सुधार किया जाना आवश्यक है के निमित्त सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 20/05/2026 को शपथकर्ता द्वारा निष्पादित है।
3. यह कि, शपथकर्ती के द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य है गलत पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ता की होगी।
अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है।
सत्यापन :-
मै शपथकर्ती सत्यनिष्ठा से सत्यापित करती हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 3 तक दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे पढकर/ पढाकर/ समझकर स्थान डौण्डीलोहारा में दिनांक 20/05/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करती हूं। शपथकर्ती/सत्यापनकर्ती
गुलापा बाई

## नगर पालिका उप चुनाव के लिए 100 कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण







**गुरूर।** नगर पालिका आम निर्वाचन के तहत नगर पंचायत पलारी में निर्वाचन कार्य हेतु शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला पलारी में 22 मई को प्रथम चरण के प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रं. 01, 02 एवं 03 के कुल 100 महिला मतदान कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर डीआर साहू एवं एलके सिन्हा द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक, रिटर्निंग आफिसर राम कुमार सोनकर, सहायक रिटर्निंग आफिसर हनुमंत सिंह श्याम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पलारी गिरीश कुमार साहू उपस्थित थे।

**आयोजन : नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश समृद्ध राष्ट्र बनने तेजी से आगे बढ़ रहा: अभिषेक शुक्ला**

# बिलासपुर संभाग के सह-प्रभारी अभिषेक भाजपा कार्यकर्ताओं को दे रहे वैचारिक और रणनीतिक प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर संभाग के सह–प्रभारी अभिषेक शुक्ला बिलासपुर संभाग अंतर्गत जिला कोरबा, रायगढ़, जांजगीर चांपा, गौरेला पेंड्रा, बिलासपुर ग्रामीण में लगातार प्रवास पर है। वे पंडित





दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के जिला प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहर, देश के समक्ष चुनौतियों राजनीतिक एवं सामाजिक एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान कर रहे है।

भाजपा के संभाग सहप्रभारी अभिषेक शुक्ला ने कहा कि जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश समृद्ध राष्ट्र बनने तेजी से आगे बढ़ रहा है। वही देश के भीतर कुछ आंतरिक और बाह्य चुनौतियां आज भी विद्यमान है।

भारत की बढ़ती ताकत और क्षमताओं के कारण देश के अंदर और बाहर कुछ ताकत देश को अस्थिर और अराजकता फैलाने तथा भारत के सामरिक, आर्थिक एवं सामाजिक हितों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। जिसके प्रति देश के हर नागरिक को सजग रहने की जरूरत है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ को छत्तीसगढ़ की भौगोलिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की जानकारी दी गई। उन्हें प्रदेश के सामाजिक एवं धार्मिक परम्पराओ ऐतिहासिक मन्दिरो प्राचीन राजवँशो तथा छतीसगढ़ की विभूतियों से परिचय कराया गया। प्रशिक्षण वर्ग में अलग अलग विषय विशेषज्ञों ने पदाधिकारियों ,कार्यकर्ताओ को भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नवाचार आधारित कार्य पद्धतियों को अमल में लाने की रणनीति पर जोर दिया। साथ ही कार्यकर्ताओ से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं पाटएँ की विचारधारा को सोशल मीडिया, आधुनिक संचार माध्यमो एवं बूथ स्तर पर जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की बात कही। कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को भाजपा के वैचारिक अधिष्ठान, एकात्म मानवदर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंचनिष्ठा के सिद्धान्तों से अवगत कराया।

अभिषेक शुक्ला ने प्रशिक्षण वर्ग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओ को वैचारिक रूप से मजबूत करना, संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं दायित्वों से जोड़ना है। भाजपा की शक्ति कार्यकर्ता है, हमारा लक्ष्य स्पष्ट है सशक्त संगठन के माध्यम से समृद्ध राष्ट्र निर्माण। भाजपा केवल एक राजनीतिक दल ही नही बल्कि राष्ट्र सेवा का एक सशक्त माध्यम है।

## श्री जामड़ी पाटेश्वरधाम में 15 जून तक मनाया जाएगा पुरुषोत्तम मास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

श्री जामड़ी पाटेश्वरधाम में 17 मई से 15 जून तक पुरुषोत्तम मास महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विविध धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम संपन्न होंगे। महोत्सव अवधि में प्रतिदिन रुद्राभिषेक, हवन, श्रीरामचरित मानस पाठ, श्रीमद्भगवद्गीता मूल पाठ, जप-तप, पूजा-अनुष्ठान सहित अनेक धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजों के सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 मई को भव्य संकीर्तन, 26 मई को तुलसी मानस प्रतिष्ठान का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, 31 मई को आदिवासी समाज सम्मेलन, 5 जून को लोधी समाज सम्मेलन, 6 जून को कुर्मी समाज सम्मेलन, 7 जून को मरार पटेल समाज सम्मेलन, 8 जून को गौ भक्त सम्मेलन, 9 जून को साहू समाज सम्मेलन, 10 जून को कबीर पंथ समाज सम्मेलन, 12 जून को जयपुर के प्रसिद्ध ज्योतिषी मनोज गुप्ता द्वारा ज्योतिष सम्मेलन, 13 जून को सिन्हा कलार समाज सम्मेलन तथा 14 जून को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

पाटेश्वरधाम के बाबाजी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में नदी स्नान, व्रत, दान एवं भजन-पूजन का विशेष महत्व होता है। इस मास में किया गया दान अक्षय पुण्य प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वर्ष भर सांसारिक कार्यों में व्यस्त रहने वाले लोगों को भगवान प्रत्येक तीन वर्ष में पुरुषोत्तम मास के रूप में आध्यात्मिक साधना का विशेष अवसर प्रदान करते हैं। इस दौरान अधिक से अधिक भजन, पूजन, अनुष्ठान, तीर्थाटन एवं दान-पुण्य करना चाहिए।

# सुशासन तिहार में सरकार पहुंच रही गांव-गांव

**डौंडी ब्लॉक के ढोरएठेमा के शिविर में मिले 859 आवेदनों में 745 का निराकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





सुशासन तिहार अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम ढोरएँठेमा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 859 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 745 आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया।

शिविर में जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी, नगर पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष मोहंतिन चोरका एवं संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, शिव प्रसाद बाटला, पुनीत सेन, रत्ना हिरवानी एवं साधना सोरी वअन्य अतिथियों द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल एवं आईस बॉक्स, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत श्रवण यंत्र एवं छड़ी, स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र एवं केसीसी कार्ड का वितरण किया। शिविर में दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। इस दौरान मेडिकल बोर्ड में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने पहुँचे दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया गया।

अतिथियों ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई के साथ–साथ सामाजिक अपराध बताते हुए शिविर में उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह के रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर लोक कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि ढोरएँठेमा में आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में कुंजकन्हार, भरएँटोला, ढोरएँठेमा, पेण्डरी, पचेड़ा, पटेली, कुंआगोंदी, बोरगांव, उकारी, कांडे, टेकाढोडा, सिंगनवाही, कारूटोला और धोबनी ब ग्राम पंचायतों के ग्रामीण जन शामिल हुए थे। शिविर में तहसीलदार देवेन्द्र नेताम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले सहित ब्लाक सरपंच संघ अध्यक्ष ममता मण्डावी, तुलसी राम मरकाम, हिंसाराम साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा ढोरएँठेमा कलस्टर में शामिल आसपास के विभिन्न ग्राम पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# हाईटेक डायल-112 ईआरवी वाहनों का शुभारंभ दल्लीराजहरा को भी मिला नया वाहन

**एक्के नंबर सबो बर- 112 से आपात सहायता व्यवस्था होगी और मजबूत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी डायल-112 योजना के तहत बालोद जिले में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हाईटेक ईआरवी वाहनों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र को भी नया हाईटेक डायल-112 वाहन प्राप्त हुआ है, जिससे नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन सहायता सेवाएं अब और अधिक तेज, प्रभावी तथा मजबूत होंगी।

राजहरा सीएसपी विकास पाटले ने जानकारी देते हुए बताया कि इन आधुनिक ईआरवी वाहनों में अत्याधुनिक संचार प्रणाली, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस नेटवर्क एवं त्वरित रिस्पांस तकनीक उपलब्ध कराई गई है। इन सुविधाओं की मदद से सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, पारिवारिक विवाद तथा चिकित्सा आपात स्थिति जैसी घटनाओं में बेहद कम समय में सहायता पहुंचाई जा सकेगी। राजहरा पुलिस ने डायल-112 सेवा के तहत शहरी क्षेत्रों में 10 मिनट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर घटनास्थल तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

प्रशिक्षित पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर नागरिकों को सुरक्षा, सहायता एवं आवश्यक प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराएगी। इस सेवा का लाभ नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के सभी 27 वार्ड, नगर पंचायत चिखलाकसा के 15 वार्ड तथा आसपास के 26 गांवों के लोगों को मिलेगा।

एक्के नंबर सबो बर - 112 का अर्थ है कि अब किसी भी आपात स्थिति में अलग-अलग नंबर याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। चाहे सड़क दुर्घटना हो, अपराध, महिला सुरक्षा से जुड़ी समस्या या मेडिकल इमरजेंसी - हर परिस्थिति में केवल 112 डायल करने पर पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी सभी आवश्यक सेवाएं एक साथ उपलब्ध होंगी। इससे पुलिस और आमजन के बीच विश्वास और समन्वय को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

डायल-112 वाहन में तैनात पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड, क्राउड कंट्रोल तथा त्वरित कार्रवाई का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। वाहनों में मेडिकल किट, हाई पावर सायरन एवं पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं भी मौजूद हैं। राजहरा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में बिना झिझक तत्काल 112 पर कॉल करें तथा अफवाह और फर्जी कॉल से बचें, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता मिल सके।

पुलिस प्रशासन ने कहा कि जनता का सहयोग ही सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार समाज की सबसे मजबूत नींव है। हाईटेक डायल-112 सेवा के शुरू होने से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बेलौदी के सुशासन शिविर में गर्भवती माताओं की हुई गोदभराई

**शिविर में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर, योजनाओं की दी गई जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पंचायत बेलौदी के सुशासन शिविर में विधायक ललित चंद्राकर, एसडीएम हरिवंश मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र यादव, सुश्री प्रिया साहू जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन सरपंच बेलौदी जामवंतीं देशमुख ,पंचगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। शिविर में विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष द्वारा 6 गर्भवती माताओं संतोषी यादव, मीनाक्षी यादव, नोमेश्वरी पारकर, राधिका निषाद, ममता देशमुख हर्षा सेन की गोद भराई का कार्यक्रम किया। उनसे उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई तथा स्वस्थ शिशु हेतु मंगलकामना की गई। 10 किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना नोनी सुरक्षा सुकन्या समृद्धि महतारी वंदन मुख्यमंत्री कन्या विवाह महिला कोष सक्षम बाल संदर्भ योजना की जानकारी परियोजना अधिकारी उषा झा व सेक्टर पर्यवेक्षक इंदु मिश्रा, शशि रैदास द्वारा दी गई तथा महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कुपोषण मुक्ति अभियान बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की जानकारी उपस्थित ग्राम वासियों के साथ साझा की गई।

शिविर में महतारी वंदन की महिलाओं का ई केवाईसी की गई, जिसमें 21 महिलाएं लाभान्वित हुईं। सुशासन तिहार शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोहिणी देशमुख, चमेली पारकर एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**सिद्धीविनायक** नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## खुरसुनी में झांकी की प्रस्तुति कल



**बालोद/निकुम।** ग्रामवासी खुरसुनी के तत्वावधान में 24 मई रविवार रात्रि 8 बजे स्कूल चौक में दाई के दुलरवा नव रत्न पटपर फेमस काली माता जस झांकी की प्रस्तुति होगी।

## बारिश से पहले घरों की रिपेयरिंग में जुटे ग्रामीण



**अंडा।** मानसून आने से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में घरों की रिपेयरिंग का काम तेज हो गया है। गांवों में लोग अपने कच्चे और पुराने मकानों की मरम्मत कर बारिश से बचाव की तैयारी कर रहे हैं। देवरी (ख) निवासी प्रभू साहू और अंजोर साहू ने छत और दीवारों की रिपेयरिंग कराने में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि बारिश शुरू होने से पहले घर को मजबूत करना जरूरी होता है, ताकि बरसात में किसी प्रकार की परेशानी न हो। ग्रामीण क्षेत्रों में हर साल बारिश के पहले लोग छत की मरम्मत, छानी बदलने और दीवारों की सफाई एवं सुधार का कार्य करते हैं। इन दिनों गांवों में सुबह से ही लोग निर्माण सामग्री जुटाकर अपने घरों को सुरक्षित बनाने में लगे हुए हैं। ग्रामीणों का मानना है कि समय रहते रिपेयरिंग कर लेने से बारिश के दौरान पानी टपकने और दीवार खराब होने जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

## बड़भूम में धरती आंबा के तहत हुए विभिन्न कार्यक्रम



**गुरूर।** ग्राम बड़भूम में धरती आंबा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय ग्रामीण प्रतिनिधियों के साथ अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए, जिसमें जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू मुख्य अतिथि थी। इसमें जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, सरपंच शीला यादव, मेघनाथ सलाम, एचके कुंजाम, एसआर कुरेटी, श्याम लाल नेताम, सखा राम कुरेटी, पंच ममता जामडार, रोशनी कुरैटी, नागेश्वर सलाम, प्रमोद कुंजाम, भुवन साहू व ग्रामीण उपस्थित थे, जिसमें मातृ वंदना के तहत एक हजार, भूमिहिन किसान दस हजार, किसान सम्मान के तहत दो हजार रूपये प्रदान करने की जानकारी दी गई।

## सब्जी व्यापारी से मारपीट भाजपा नेता गिरफ्तार

**भिलाई।** वैशालीनगर पुलिस ने सब्जी व्यापारी से मारपीट और गाली गलौज के मामले में हाउसिंग बोर्ड 32 एकड़ निवासी भाजपा नेता भानुप्रताप राजभर को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। आरोपी के खिलाफ धारा 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी को जब पुलिस ने गिरफ्तार किया उस दौरान उसने जेल से छूटने के बाद देख लेने की भी धमकी दी थी।

# हरित छत्तीसगढ़ अभियान: सागौन की खेती बनी किसानों की समृद्धि का मजबूत आधार

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा/बालोद/गुरूर

छत्तीसगढ़ में वृक्ष आधारित खेती अब किसानों की आर्थिक मजबूती का नया रास्ता बनती जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण, किसानों की आय वृद्धि और हरित विकास को लेकर लगातार किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आने लगा है।

इसी कड़ी में नवा रायपुर में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने बालोद जिले के गुरूर तहसील अंतर्गत ग्राम पलारी निवासी किसान अनिल जाजू को सागौन पौधारोपण से प्राप्त आय के लिए प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया। कार्यक्रम में मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि अब समय केवल पारंपरिक खेती तक सीमित रहने का नहीं है, बल्कि किसानों को वृक्ष आधारित खेती अपनाकर भविष्य की आर्थिक सुरक्षा मजबूत करनी होगी। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित और सुरक्षित भविष्य तैयार करने का संकल्प है। शासन का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ प्रदेश में हरित आवरण को तेजी से बढ़ाना है। ग्राम पलारी निवासी किसान अनिल जाजू ने वर्ष 2001 में अपनी लगभग 3.35 हेक्टेयर निजी भूमि पर सागौन पौधों का रोपण किया था। वर्षों तक लगातार देखरेख और संरक्षण के बाद यह वृक्ष आज उनके लिए बड़ी आर्थिक उपलब्धि बनकर सामने आए। वर्ष 2025 में वृक्ष कटाई नियम 2022 के अंतर्गत विधिवत अनुमति प्राप्त कर सागौन वृक्षों की कटाई कराई गई। वन विभाग की निगरानी में कुल 173 सागौन वृक्षों की कटाई हुई, जिससे 949 नग लकड़ी प्राप्त हुई और उसका कुल आयतन 33.24 घनमीटर दर्ज किया गया।

### बालोद के किसान को मिले 9 लाख 69 हजार रुपए



**किसानों के लिए प्रेरणा का बड़ा उदाहरण**

वन विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर सागौन काष्ठ का क्रय किया गया और इसके एवज में लगभग 9 लाख 69 हजार रुपए की राशि सीधे किसान के बैंक खाते में जमा कराई गई। एक किसान की यह सफलता अब पूरे प्रदेश के किसानों के लिए प्रेरणा का बड़ा उदाहरण बन गई है।

**अपनी भागीदारी निभाएं**

यह उपलब्धि साबित करती है कि वैज्ञानिक तरीके से किया गया। पौधारोपण किसानों के लिए दीर्घकालिक और स्थायी आय का सशक्त माध्यम बन सकता है। इससे जहां किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है, वहीं पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों में कमी, भू-जल संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण उद्देश्यों को भी मजबूती मिल रही है। वन विभाग लगातार किसानों को निजी भूमि पर पौधारोपण के लिए तकनीकी मार्गदर्शन, आवश्यक सहायता और प्रोत्साहन उपलब्ध करा रहा है। शासन का प्रयास है कि अधिक से अधिक किसान वृक्ष आधारित खेती को अपनाकर आर्थिक समृद्धि के साथ हरित छत्तीसगढ़ निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।

### आयोजन: हितग्राहियों को मिले चेक और प्रमाण पत्र, दिव्यांगों को बांटी गई सहायक सामग्री

# जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 390 आवेदन अधिकांश मामलों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौण्डीलोहारा

- डौण्डीलोहारा में जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न

नगर पंचायत डौण्डीलोहारा अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार 22 मई को नगर पंचायत कार्यालय के सामने सुशासन तिहार के तहत भव्य जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए शासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेन्द्र जायसवाल सहित नगर पंचायत के पार्षदगण उपस्थित रहे। शिविर में पार्षद सुर्यकला ठाकुर, गायत्री देवांगन, ममता शर्मा, शोभा सिंह ठाकुर, सुभद्रा टांडेकर, राकेश कुमार सांखला, बीरसिंह, रेवती कोलियारे,



शिवानी भंसाली, ममता यादव, अशोक कुमार उइके, राजेन्द्र निषाद व किशोर दीवान की उपस्थिति रही। प्रशासनिक अधिकारियों में डिप्टी कलेक्टर बालोद प्राची ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवनाथ बघेल, तहसीलदार ठाकुर, नगर पंचायत सीएमओ राजेश कुमार बंजारे, उप अभियंता भानुप्रकाश घोष, अमित कुमार श्रीवास, भानुप्रताप सिंह पटेल सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में कुल 390 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 308 मांग संबंधी आवेदन एवं 14 शिकायतों का मौके पर निराकरण कर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नागरिकों ने शासन द्वारा आयोजित इस शिविर की सराहना करते हुए इसे जनहितकारी पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन कार्यक्रम सहित विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत दो हितग्राहियों को 15-15 हजार रुपए तथा एक हितग्राही को 50 हजार रुपए का चेक प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों को हियरिंग सेट एवं वॉकिंग स्टिक वितरित की गई। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां लोगों को शासन की योजनाओं, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव एवं गौतम सिन्हा द्वारा किया गया। समस्त विभागों के सहयोग एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# आत्मनिर्भर बनने 150 महिलाएं हुईं प्रशिक्षित





**बालोद।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ग्राम दनिया, जोगीभाठ, सिंगापुर में प्रशिक्षण समाप्त हो चुका है, जनभागीदारी से सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संचालित अब तक 150 महिलाएं प्रशिक्षित हुईं।

वर्तमान में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र महिला कमाण्डों भीमेश्वरी सांडिल्य एवं सरस्वती साहू की पहल पर ग्राम बोरी में संचालित है। शमशाद बेगम ने बताया यह प्रशिक्षण केंद्र पूर्णतः जनभागीदारी से संचालित है। केवल दस सिलाई मशीन सेन्टर को निःशुल्क दिया गया है, जो वहां पर प्रशिक्षण अवधी पैतालीस दिन समाप्त होने पर किसी दूसरे गांव में संचालित होगा। इस केन्द्र में सिखने वाली महिलांए स्वयं नियम बनायेंगी। ट्रेंनर जो गांव की होगी उसे गुरुदक्षिणा, सुई, धागा, कपड़ा स्वयं एवं महिला कमाण्डो देगी। हम लोग उन्हें सिखाते हैं स्वयं खुद करिये। भीमेश्वरी शांडिल्य ने बताया कि ग्राम में सर्वे कर महिलाओं को चिन्हित किया तथा प्रशिक्षण के संदर्भ में बतलाया। केन्द्र में सैतिस महिलाएं रोजाना प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिये आती है। प्रशिक्षण देने का कार्य सोनम साहू करती है। इस कार्य शाला में ग्रामीण अध्यक्ष भागवत राम साहू, खेमीन साहू, रूप राम सोनवानी, अंबीका ठाकुर, सरपंच केन्द्र का निरक्षण कर सहयोग प्रदान करते हैं।

# गोविंद राम बने अभा हल्बा समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

सेवानिवृत्त आईएएस एवं समाज सेवक गोविंद राम चुरेन्द्र अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज के केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए गए हैं।

जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पाकुरभाट में 17 मई को सामाजिक जनों की उपस्थिति में संपन्न निर्वाचन कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त आईएएस चुरेन्द्र हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज के केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन के दौरान चुरेन्द्र के पक्ष में 150 मत प्राप्त हुए एवं उनके प्रतिद्वंदी टेकराम भण्डारी को सिर्फ 12 मत ही प्राप्त हो सका। उल्लेखनीय है कि जीआर चुरेन्द्र आदिवासी समाज के अलावा सर्व समाज में भी लोकप्रिय नाम है। बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा के एक गरीब परिवार में जन्म लेकर कड़ी मेहनत एवं लगन के बदौलत वरिष्ठ आईएएस जैसे महत्वपूर्ण पद पर पहुंचे। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष जीआर. चुरेन्द्र ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रें में एसडीएम, अपर कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कलेक्टर तथा रायपुर, दुर्ग, बस्तर व सरगुजा संभाग के कमिश्नर के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासभा की सलाहकार व डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, समाज के संरक्षक व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जीआर राना, केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पीआर. नाइक, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतूराम पवार, केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ के निवर्तमान अध्यक्ष पूर्व आईपीएस आरएस. नायक, क्षेत्रीय महासभा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष महेन्द्र कोठेवार, छत्तीसगढ़ महासभा बड़ेडोंगर के अध्यक्ष लतेल राम नाइक आदि की उपस्थिति रही।

## 2 किलो से अधिक गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलगांव थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 किलो से अधिक अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला थाना पुलगांव क्षेत्र के चंदखुरी का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री के उद्देश्य से घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नदी रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
रिजर्वेशन कोच
29 जुलाई, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

